Regarding need to construct a heavy vehicle underpass on NH-57 at Narpatganj

श्री प्रदीप कुमार सिंह **(**अररिया**) :** माननीय सभापति जी, आज का विषय मेरे संसदीय क्षेत्र अररिया के साथ समस्त सीमांचलवासियों के लिए यातायात सुरक्षा की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है । पटना से सीधे पश्चिम बंगाल को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क एनएच-57 अररिया के नरपतगंज से होकर गुजरती है । नरपतगंज प्रखंड मुख्यालय है । यहा के बच्चों को स्कूलों और कॉलेजों में पढ़ाई करने जाना पड़ता है इस कारण यहां मोटरसाइकिल और पैदल चलने के लिए अंडरपास बना हुआ है । मैंने इस बारे में बहुत पहले भी लिखकर दिया था । यह सड़क नरपतगंज से गुजरती है और यहां एक्सीडेंट की कई घटनाएं हो चुकी हैं । एनएच-57 के नीचे से जाने वाली सड़क सीधे नेपाल से जुड़ती है । एनएच-57 पर पैदल यात्रियों के अंडरपास होने के कारण भारी वाहनों की आवाजाही में अत्यंत असुविधा होती है और इस कारण यहां भारी वाहन उपमार्ग की अत्यंत आवश्यकता है । सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इसकी स्वीकृति लगभग एक साल पूर्व मिल चुकी है और डीपीआर भी तैयार हो गया है, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्य शुरू नहीं हो पाया है ।

मैं आपके माध्यम से माननीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री जी निवेदन करता हूं कि नरपतगंज स्थित एनएच-57 में बने पैदल यात्री अंडरपास की जगह भारी वाहन उपमार्ग के निर्माण कार्य को अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति **:** श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन **-** उपस्थित नहीं ।

श्री मुकेश राजपूत जी ।